न्यू डेवलपमेंट बैंक (बैंक)

drishtiias.com/hindi/printpdf/new-developement-bank

चर्चा में क्यों ?

उभरती अर्थव्यवस्थाओं के समूह "ब्रिक्स" द्वारा स्थापित न्यू डेवलपमेंट बैंक (New Development Bank) अगले अठारह महीनों में बुनियादी ढाँचा परियोजनाओं के लिये दक्षिण अफ्रीका को 1.5 अरब डॉलर का ऋण देने की योजना बना रहा है। बैंक ने गुरुवार को जोहन्सबर्ग में एक अफ्रीकी क्षेत्रीय केंद्र की स्थापना भी की है।

न्यू डेवलपमेंट बैंक क्या है ?

- यह ब्रिक्स (BRICS) देशों (ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) द्वारा स्थापित और संचालित एक बहुपक्षीय विकास बैंक है। इसे अमेरिकी वर्चस्व वाले मौजूदा विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के विकल्प के रूप में यह देखा जा रहा है।
- न्यू डेवलपमेंट बैंक, जिसे पहले ब्रिक्स बैंक के अनौपचारिक नाम से भी जाना जाता था, की स्थापना इन पाँच देशों में वित्तीय और विकास सहयोग को बढ़ावा देने के लिये की गई है।
- इसका मुख्यालय चीन के शंघाई में है। इसके अध्यक्ष के. वी. कामत हैं।
- विश्व बैंक के विपरीत, जो पूंजीगत हिस्से के आधार पर वोटों को प्रदान करता है, न्यू डेवलपमेंट बैंक में प्रत्येक भागीदार देश को एक वोट आवंटित है और किसी भी देश के पास वीटो शक्ति नहीं है।
- बैंक ने पिछले साल से ऋण देना आरंभ किया है। इसने अब तक सात परियोजनाओं को कुल 1.5 बिलियन डॉलर का ऋण दिया है।